मैया तुझे पुकारता हूँ मैं भजन लिरिक्स

मैया तुझे पुकारता हूँ मैं,
मईया तुझे पुकारता हूँ मैं,
अपना जीवन ये,
रो रो गुजारता हूँ मैं,
मईया तुझे पुकारता हूँ मैं,
मईया तुझे पुकारता हूँ मैं।bd।

तर्ज – पलकों का घर तैयार।

जबसे होश संभाला मैंने,
धोखा ही है खाया,
जिसको अपना समझा मैंने,
सब ने ही ठुकराया,
भिखी अँखियों से तुमको,
निहारता हूँ मैं,
मईया तुझे पुकारता हूँ मैं,
मईया तुझे पुकारता हूँ मैं।bd।

सबका होना चाहा मैंने,
कोई हुआ ना मेरा,
स्वारथ के रिश्तों ने मुझको,
चारों ओर से घेरा,
झूठे रिश्तो का बोझा,
उतारता हूँ मैं,
मईया तुझे पुकारता हूँ मैं,
मईया तुझे पुकारता हूँ मैं।bd।

नहीं है कोई सहारा मेरा,
मुझको सहारा दे दो,
बीच भंवर में मेरी नैया,
उसको किनारा दे दो,
हूँ अकेला तभी तो,
माँ हारता हूँ मैं,
मईया तुझे पुकारता हूँ मैं,
मईया तुझे पुकारता हूँ मैं।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

खोल के मैया तुझको मैंने,
अपना दिल दिखलाया,
अपनी तकलीफों का 'हरी' ने,
सारा हाल सुनाया,
मुझको अपना लो,
दामन पसारता हूँ मैं,
मईया तुझे पुकारता हूँ मैं,
मईया तुझे पुकारता हूँ मैं।bd।

मैया तुझे पुकारता हूँ मैं,
मईया तुझे पुकारता हूँ मैं,
अपना जीवन ये,
रो रो गुजारता हूँ मैं,
मईया तुझे पुकारता हूँ मैं,
मईया तुझे पुकारता हूँ मैं।bd।

Singer – Hari Ji Sharma

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com